LL.M.- 2019

# LL.M. ENTRANCE EXAMINATION
# एल एल. एम. प्रवेश परीक्षा

Serial No.
क्रमांक

समय : 2 घण्टे (Time:2 Hrs.)

पूर्णांक : 300 (M.M.:300)

Number of Pages : 28
पृष्ठों की संख्या

O.M.R. Answer Sheet No. (To be filled by the candidate)
ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक क्रमांक (अभ्यर्थी द्वारा लिखा जाना है)

Name of Candidate : ______________________________
अभ्यर्थी का नाम

Father's Name: ______________________________
पिता का नाम

Roll No______________________ In Words______________________
नामांक : (अंकों में ) शब्दों में

.......................................
Signature of Invigilators
वीक्षक के हस्ताक्षर

.......................................
Candidate's Signature
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

## महत्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, नाम एवं पिता का नाम अंकित करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले/नीले बाल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा।
4. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें। यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं तो प्रश्न पुस्तिका के अंतिम सादे पृष्ठ पर रफ कार्य कर सकते हैं।
5. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है एवं ऋणात्मक अंकन अर्थात् प्रत्येक गलत जवाब पर एक अंक काटा जायेगा। बिना हल किये प्रश्न पर शून्य अंक दिया जायेगा।
7. जब तक न कहा जाए इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।
8. आपको सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा उपरान्त उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न पुस्तिका कक्ष निरीक्षक को लौटा दें।
9. मोबाइल फोन, कैल्कुलेटर या अन्य ऐसी ही सहायक सामग्रियों को परीक्षा भवन के अंदर ले जाना मना है। परीक्षा के दौरान यदि उम्मीदवार के पास ऐसी सहायक सामग्री पाई जाती हैं तो उसे प्रवेश हेतु अयोग्य घोषित किया जायेगा।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. The candidate should indicate the correct Roll Number, Name and Father's Name on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
3. This booklet contains 100 questions, Each question has 4 alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black / blue ball point pen. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be examined.
4. Do not write anything on the cover page or any other page of this question booklet. If you need to do rough work you can do it on the last blank page of question booklet.
5. If you happen to find that the booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the invigilator to get another question booklet.
6. Each question carries equal marks (3 marks each). Negative marking will be done, one mark will be deducted for every wrong answer. Unattempted question will be awarded zero mark.
7. Do not open the question booklet, till you are told to do so.
8. Mark your answer on OMR Sheet only. After the examination is over, handover the OMR Sheet and question booklet to the Invigilator.
9. Mobile phone, calculator or any other electronic devices (items) are strictly prohibited in side of the examination room. During examination, if such items are found with the candidate, then the candidate will be declared as ineligible for admission.

SPACE FOR ROUGH WORK

1. Kohota Hollohon v. Zachilhu, AIR 1993 S.C. 412 is related to -
   (A) Right to Property
   (B) Freedom of trade commerce and Intercourse
   (C) Anti Defection Law
   (D) None of the above

1. किहोटा होलोहोन व. जकीलु ए आई आर 1993 एस. सी. 412 सम्बन्धित है -
   (A) सम्पत्ति के अधिकार से
   (B) व्यापार वाणिज्य एवं समागम की स्वतन्त्रता से
   (C) दल-बदल विरोधी विधि से
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. Who out of the following can be appointed as the Attorney General of India -
   (A) Any Lawyer
   (B) A person qualified to be appointed as Judge of Supreme Court
   (C) A person qualified to become the member of Lok Sabha
   (D) None of the above

2. निम्नलिखित में से कौन भारत का महान्यायवादी नियुक्त किया जा सकता है -
   (A) कोई भी वकील
   (B) कोई भी व्यक्ति जो उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने की अर्हता रखता है।
   (C) कोई व्यक्ति जो लोक सभा का सदस्य बनने की योग्यता रखता है
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. The strength of Council of Mnisters including Prime Minister shall not exceed -
   (A) 15 percent of total number of Members of Lok Sabha
   (B) 20 percent of total number of Members of Lok Sabha
   (C) 25 percent of total number of Members of Lok Sabha
   (D) 12 percent of total number of Members of Lok Sabha

3. मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों की कुल संख्या लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के
   (A) पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी
   (B) बीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी
   (C) पच्चीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी
   (D) बारह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी

4. Privileges and Immunities to members of Parliament have been provided under the constitution of India under Article
   (A) 104
   (B) 105
   (C) 106
   (D) 107

4. संसद के सदस्यों के विशेषाधिकार एवं उन्मुक्तियों के बारे में प्रावधान किया गया है भारत के संविधान के अनुच्छेद
   (A) 104 के अन्तर्गत
   (B) 105 के अन्तर्गत
   (C) 106 के अन्तर्गत
   (D) 107 के अन्तर्गत

5. Under which one of the following Articles of the constitution of India power of the President to promulgate ordinance during recess of parliament has been given

(A) 121
(B) 122
(C) 123
(D) 124

5. जब संसद का सत्र नहीं चल रहा हो तब भारत के संविधान में निम्न में से किस अनुच्छेद में राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान की गई है -

(A) 121
(B) 122
(C) 123
(D) 124

6. Under which one of the following Articles of the constitution of India the provision of Review of Judgment of Supreme Court has been made -

(A) 135
(B) 136
(C) 137
(D) 138

6. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पुनर्विलोकन का प्रावधान किया गया है

(A) 135
(B) 136
(C) 137
(D) 138

7. State Legislature of which one of the following states has only one house -

(A) Bihar
(B) Karnataka
(C) Maharashtra
(D) Gujrat

7. निम्नलिखित में से किस राज्य की विधायिका में केवल एक ही सदन है -

(A) बिहार
(B) कर्नाटक
(C) महाराष्ट्र
(D) गुजरात

8. Under which one of the following Articles of the Constitution of India provision for transfer of Judges from one High Court to another has been made

(A) 212
(B) 221
(C) 222
(D) 223

8. भारत के संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस अनुच्छेद में न्यायाधीशों के एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानान्तरण का प्रावधान किया गया है

(A) 212
(B) 221
(C) 222
(D) 223

9. Under which one of the following Articles of the Constitution of India parliament has the power to establish any additional court with respect to matter enumerated in the Union List

(A) 240
(B) 247
(C) 248
(D) 241

9. भारत के संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस अनुच्छेद में संघ सूची में वर्णित विषयों के सम्बन्ध में संसद को अतिरिक्त न्यायालय स्थापित करने की शक्ति प्राप्त हैं -

(A) 240
(B) 247
(C) 248
(D) 241

10. Which one of the following Articles of the Constitution of India relates to the power of Parliament to Create All India Services

(A) 315
(B) 312
(C) 319
(D) 309

10. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौनसा अनुच्छेद अखिल भारतीय सेवाओं का गठन करने की संसद की शक्ति से सम्बन्धित हैं -

(A) 315
(B) 312
(C) 319
(D) 309

11. Which one of the following Articles of the Constitution of India relates to Bar to interference by Courts in Electoral Matters -

(A) 328
(B) 329
(C) 336
(D) 325

11. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौनसा अनुच्छेद चुनाव से सम्बन्धित मामलों में न्यायालय के हस्तक्षेप पर रोक से सम्बन्धित है -

(A) 328
(B) 329
(C) 336
(D) 325

12. Vice President of India is administered oath by

(A) Chief Justice of India
(B) President
(C) Prime Minister
(D) Governor

12. भारत के उपराष्ट्रपति को शपथ दिलाई जाती है-

(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(B) राष्ट्रपति द्वारा
(C) प्रधानमंत्री द्वारा
(D) राज्यपाल द्वारा

13. Who is considered to be the father of English Jurisprudence

(A) Holland

(B) Austin

(C) Gray

(D) Salmond

13. आंग्ल विधि शास्त्र का पिता किसे समझा जाता है

(A) हॉलैंड

(B) ऑस्टिन

(C) ग्रे

(D) सामाण्ड

14. To whose theory out of the following does "Grundnorm" relate

(A) H. L. A. Hart

(B) Hans Kelsan

(C) Salmond

(D) Holland

14. 'मूल मानक' (Grundnorm) निम्नलिखित में से किसके सिद्धान्त से सम्बन्धित है -

(A) एच. एल. ए. हार्ट

(B) हैन्स केल्सन

(C) सामण्ड

(D) हॉलैण्ड

15. Jurisprudence as, "the science of the first principle of Civil law" has been defined by

(A) Holland

(B) Austin

(C) Allen

(D) Salmond

15. विधि शास्त्र को 'नागरिक विधि के प्रथम सिद्धान्त' के रूप में परिभाषित किया गया है

(A) हॉलैण्ड द्वारा

(B) ऑस्टिन द्वारा

(C) एलन द्वारा

(D) सामण्ड द्वारा

16. The theory "Law is a product of general consciousness of people and a manifestation of their spirits" was given by

(A) Roscoe Pound

(B) Francois Gray

(C) Savigny

(D) Hugo

16. सिद्धान्त 'विधि लोगों की सामान्य चेतना की उत्पति एवं उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति है' दिया गया था

(A) रॉस्को पाउण्ड द्वारा

(B) फ्रांकोइस ग्रे द्वारा

(C) सेविनी द्वारा

(D) ह्यूगो द्वारा

17. The theory of "Living Law" was evolved by

(A) Hegal

(B) Hugo

(C) Eugen Ehrlich

(D) Immanuel Kant

17. 'जीवित विधि' का सिद्धान्त विकसित किया गया था

(A) हीगल द्वारा

(B) ह्यूगो द्वारा

(C) यूगेन इहर्लिच द्वारा

(D) इमेन्युअल कान्ट द्वारा

18. The theory of "Social Solidarity" was propounded by
(A) Leon Duguit
(B) Pollock
(C) Puchta
(D) Roscoe Pound

18. 'सामाजिक समेकता' का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया था
(A) लि्योन डिग्वी द्वारा
(B) पोलक द्वारा
(C) पुचा द्वारा
(D) रॉस्को पाउण्ड द्वारा

19. Which one out to the following is not a type of corporal punishment
(A) Branding
(B) Chaining
(C) Mutilation
(D) Deportation

19. निम्नलिखित में से कौनसा शारीरिक दण्ड का प्रकार नहीं है
(A) दाहांकन
(B) जंजीर में जकड़ना
(C) अंग भंग
(D) निर्वासन

20. "Ratio Decidendi" is related to
(A) Legislation
(B) Custom
(C) Precedent
(D) None of the above

20. 'निर्णयाधार' का सम्बन्ध है -
(A) विधायन से
(B) प्रथा से
(C) न्यायिक पूर्ण निर्णय से
(D) उपरोक्त में से किसी से नहीं

21. The Doctrine of "Jus Tertii" is related to
(A) Ownership
(B) Possession
(C) Right
(D) Legal Personality

21. 'जस टर्टी' (तीसरे पक्ष का अधिकार) का सिद्धान्त किस से सम्बन्धित है-
(A) स्वामित्व
(B) आधिपत्य
(C) अधिकार
(D) विधिक व्यक्तित्व

22. Will theory and Interest Theory relate to
(A) Legal Right
(B) Legal Personality
(C) Liability
(D) None of the above

22. इच्छा का सिद्धान्त तथा हित का सिद्धान्त सम्बन्धित हैं-
(A) विधिक अधिकार से
(B) विधिक व्यक्तित्व से
(C) दायित्व से
(D) उपरोक्त में से किसी से नहीं

23. The principle involved in the Maxim "Delegatus non potest delegare" is related to

(A) Possession

(B) Rights

(C) Duties

(D) Legislation

23. उक्ति 'डेलीगेटस नॉन पोटेस्ट डेलीगेयर' (प्रत्यायोजिति प्रत्यायोजित नहीं कर सकता) में अन्तर्वलित सिद्धान्त का सम्बन्ध हैं -

(A) आधिपत्य से

(B) अधिकारो से

(C) कर्त्तव्यों से

(D) विधायन से

24. An agreement in which consent is caused by coercion is

(A) Valid

(B) Void

(C) Voidable

(D) illegal

24. ऐसा अनुबन्ध जिसमें सहमति उत्पीड़न से प्राप्त की गई है

(A) वैध है

(B) शून्य है

(C) शून्यकरणीय है

(D) अवैध है

25. When both the parties to an agreement are under mistake of fact then such agreement is

(A) Valid

(B) Void

(C) Voidable

(D) None of the above

25. जब करार के दोनों पक्षकार तथ्य की भूल के अन्तर्गत करार करते है तो ऐसा करार

(A) वैध होता है

(B) शून्य होता है

(C) शून्यकरणीय होता है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. "A" premises to give "B" a sum of Rs. 1000/- for no consideration. This agreement is

(A) Valid

(B) Voidable

(C) Void

(D) None of the above

26. A बिना किसी प्रतिफल के B को 1000 रू. देने की प्रतिज्ञा करता है। यह अनुबन्ध

(A) वैध है

(B) शून्यकरणीय है

(C) शून्य है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

27. If the time of performance of the contract is the essence of the contract and the promissor fails to perform the contract by the specified time the contract becomes

(A) Void

(B) Valid

(C) Voidable at the instance of the promisee

(D) The contract becomes unenforceable

27. जब संविदा के पालन का समय संविदा का सार हो तथा वचनदाता निर्धारित समय में उसका पालन करने में असफल हो जाता है तो संविदा हो जाती है

(A) शून्य

(B) वैध

(C) वचनग्रहिता के विकल्प पर शून्यकरणीय

(D) अप्रवर्तनीय

28. The consequences of rescission of a voidable contract by party having the option to do so is that the

(A) Other party need not perform any promise under the contract

(B) The benefits received under the contract have to be restored

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

28. शून्यकरणीय संविदा के उस पक्षकार द्वारा जिसके पास उसे विखंडित करने का विकल्प होता है ऐसा करने पर परिणाम यह होता है कि

(A) दूसरे पक्षकार को संविदा के अन्तर्गत किसी भी वचन को पूरा करने की आवश्यकता नहीं होती

(B) संविदा के अन्तर्गत प्राप्त किये गये लाभो को लौटाना पड़ता है

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. A Shopkeeper displays goods in a window. This is an example of -

(A) Offer to sale

(B) Tender

(C) Invitation to make offer

(D) None of the above

29. एक दुकानदार वस्तुओं को खिड़की में प्रदर्शन हेतु रखता है। यह उदाहरण है

(A) विक्रय का प्रस्ताव

(B) निविदा

(C) प्रस्ताव करने हेतु आमन्त्रण

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

30. A general offer open for the world at large can be accepted

(A) By sending a communication of acceptance

(B) By complying with the conditions of offer

(C) By tendering himself to comply with the conditions of offer

(D) None of the above

30. सामान्य प्रस्ताव जो समस्त विश्व के लिए खुला है स्वीकार किया जा सकता है

(A) स्वीकृति की संसूचना भेजने के द्वारा

(B) प्रस्ताव की शर्तों की पालना करके

(C) प्रस्ताव की शर्तों की पालना हेतु स्वयं को प्रस्तुत करके

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

31. A, B and C agree to divide grains acquired by them through theft. Such agreement is
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) None of the above

31. A, B तथा C तीनों चोरी से प्राप्त किये गये अनाज को आपस में बांटने का अनुबन्ध करते है। ऐसा अनुबन्ध
(A) वैध है
(B) शून्य है
(C) शून्यकरणीय है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

32. "A" agrees to sell to "B" his white horse for Rs. 500 or 1000. This agreement is -
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) None of the above

32. A, B को अपना सफेद घोडा 500 या 1000 रू. में बेचने हेतु सहमत होता है। यह अनुबन्ध
(A) वैध है
(B) शून्य है
(C) शून्यकरणीय है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. An agreement not enforceable by law is
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) None of the above

33. अनुबन्ध जो विधितः प्रवर्तनीय नहीं है
(A) वैध है
(B) शून्य है
(C) शून्यकरणीय है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. Promise which forms consideration or part of consideration for each other is called -
(A) Conditional promise
(B) Simple Promise
(C) Reciprocal Promise
(D) None of the above

34. वचन जो कि एक दूसरे के लिये प्रतिफल या प्रतिफल के किसी अंश का निर्माण करता है उसे कहा जाता है
(A) सशर्त वचन
(B) सामान्य वचन
(C) पारस्परिक वचन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. A proposal may be revoked at any time
(A) Before the rejection of its communication
(B) Before the communication of its acceptance is complete against the proposer.
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

35. प्रस्ताव का प्रत्यासंहरण किया जा सकता है
(A) इसकी संसूचना के रद्द होने के पूर्व किसी भी समय
(B) ऐसे प्रस्ताव की स्वीकृति की संसूचना के प्रस्तावकर्ता के विरूद्ध पूर्ण होने के पूर्व किसी समय
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

36. A man shall be guilty of sexual harassment under IPC if he commits the act of

(A) a request for sexual favour

(B) Showing pornography against the will of a women

(C) Making sexually coloured remarks

(D) All of the above

36. कोई पुरूष भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत लैंगिक उत्पीडन का दोषी होगा यदि यह

(A) लैंगिक सहमति हेतु अनुरोध करता है

(B) महिला की इच्छा के विरूद्ध अश्लील साहित्य दिखाता है

(C) लैंगिक आभासी टिप्पणी करता है

(D) उपरोक्त सभी

37. 'A' intentionally causes 'Z's death by partly ommitting to give food to 'z' and partly by beating 'z' ; A has committed

(A) No offence

(B) Simple Hurt

(C) Murder

(D) Grevious Hurt

37. A साशय Z की मृत्यु आंशिक रूप से उसे भोजन देने में चूक करके व आंशिक रूप से उसे पीटकर कारित करता है। A ने

(A) कोई अपराध नहीं किया है

(B) Z को सामान्य चोट पंहुचाई है

(C) Z की हत्या कारित की है

(D) Z को गंभीर चोट पंहुचाई है

38. 'A' a doctor in good faith communicates to 'B' a patient that in his opinion he can not live. Thereafter the patient dies due to shock. 'A' has committed

(A) Murder

(B) Culpable homicide

(C) Grievous hurt

(D) No Offence

38. A एक चिकित्सक सद्भाव में B एक रोगी को यह बताता है कि उसकी राय में रोगी जीवित नहीं रहेगा। A ने

(A) हत्या की है

(B) आपराधिक मानव वध किया है

(C) गंभीर चोट पंहुचाने का अपराध किया है

(D) कोई अपराध नहीं किया है

39. The offence under Section 498 A of the IPC is

(A) Bailable

(B) Non Bailable

(C) Non compoundable

(D) Both (B) and (C)

39. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 A के अन्तर्गत अपराध

(A) जमानतीय है

(B) अजमानतीय है

(C) अशमनीय है

(D) (B) एवं (C) दोनों

40. Punishment for forgery under Section 465 of the Indian Penal Code is imprisonment of either description for a term which may extend to

(A) 3 Year or Fine or both

(B) Fine Only

(C) 2 Years or Fine or both

(D) 1 Year or fine or both

40. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 465 के अन्तर्गत कूट रचना के लिए दण्ड है दोनों में से किसी भी भांति का कारावास जिसकी अवधि हो सकेगी

(A) 3 वर्ष तक या जुर्माना या दोनों

(B) केवल जुर्माना

(C) 2 वर्ष तक या जुर्माना या दोनों

(D) 1 वर्ष तक या जुर्माना या दोनों

41. 'A' causes cattle to enter upon a field belonging to 'Z', intending to cause and knowing that it is likely to cause damage to 'Z's crop. 'A' has committed -

(A) Misappropriation of Property

(B) Theft

(C) Trespass

(D) Mischief

41. A इस आशय से और यह सम्भाव्य जानते हुए कि वह Z की फसल को नुकसान कारित करे Z के खेत में ढोरो का प्रवेश कारित कर देता है। A ने किया है

(A) सम्पत्ति के दुर्विनियोजन का अपराध

(B) चोरी

(C) अतिचार

(D) रिष्टि

42. The offence of Wrongful confinement in IPC is

(A) Bailable

(B) Compoundable

(C) Non Bailable and non compoundable

(D) Both (A) and (B)

42. भारतीय दण्ड संहिता में सदोष परिरोध का अपराध

(A) जमानतीय है

(B) शमनीय है

(C) अजमानतीय एवं अशमनीय है

(D) (A) एवं (B) दोनों

43. 'A' in good faith believing property belonging to 'Z' to be 'A's own property takes that property out of 'B's possession. Here 'A' has committed the offence of

(A) Theft

(B) Breach of trust

(C) No offence

(D) Misappropriation of Property

43. A, Z की सम्पत्ति को अपनी स्वयं की सम्पत्ति होने का सद्भाव में विश्वास करते हुए B के कब्जे में से उस सम्पत्ति को ले लेता है यहां A ने

(A) चोरी का अपराध किया है

(B) न्यास भंग का अपराध किया है

(C) कोई अपराध नहीं किया है

(D) सम्पत्ति के दुर्विनियोजन का अपराध किया है

44. 'A' holds 'Z' down and fraudulently takes 'Z's money from 'Z's cloths without his consent. Here 'A' has committed -

(A) Robbery
(B) Theft
(C) Extortion
(D) No offence

44. A, Z को दबोच लेता है तथा Z के कपड़ो में से उसका पैसा बिना उसकी सहमति से कपटपूर्वक निकाल लेता है। यहां A ने किया है

(A) लूट का
(B) चोरी का
(C) उद्दापन का
(D) कोई अपराध नहीं

45. Under Section 73 of IPC, the maximum limit of solitary confinement is

(A) 3 years
(B) 2 years
(C) 6 months
(D) 3 months

45. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 73 में एकान्त परिरोध की अवधि की अधिकतम सीमा है

(A) 3 वर्ष
(B) 2 वर्ष
(C) 6 माह
(D) 3 माह

46. Minimum number of persons required to commit the offence of affray is -

(A) 5
(B) 3
(C) 2
(D) 4

46. दंगे का अपराध करने के लिये व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या अपेक्षित है

(A) 5
(B) 3
(C) 2
(D) 4

47. General exception under the Indian Penal code are contained in

(A) Chapter II
(B) Chapter III
(C) Chapter IV
(D) Chapter VI

47. सामान्य अपवाद भारतीय दण्ड संहिता में रखे गये है

(A) अध्याय II में
(B) अध्याय III में
(C) अध्याय IV में
(D) अध्याय VI में

48. 'Actionable per se' means

(A) Strict liability
(B) Actionable with proof of damage
(C) Actionable without proof of damage
(D) Actionable conditionally only

48. 'एक्शनेबल पर से' का अभिप्राय है-

(A) कठोर दायित्व
(B) हानि के सबूत के साथ अनुयोज्य
(C) हानि के सबूत के बिना अनुयोज्य
(D) केवल सशर्त रूप से अनुयोज्य

49. Which of the following is not an exception to the rule of strict liability
(A) Act of God
(B) Act of Third party
(C) Consent of Plaintiff
(D) Mistake

49. निम्नलिखित में से कौनसा कठोर दायित्व के नियम का अपवाद नहीं है
(A) दैवीय कार्य
(B) तृतीय पक्षकार का कार्य
(C) वादी की सहमति
(D) भूल

50. Which out of the following cases is not related to Damnum sine injuria
(A) Gloucester grammar school case
(B) Ushaben v. Bhagyalaxmi Chitra Mandir
(C) Bradfor Corporation v. Myres
(D) Bhim Singh v. Union of India

50. निम्नलिखित में से कौनसा प्रकरण हानि बिना क्षति से सम्बन्धित नहीं है
(A) ग्लूसेस्टर ग्रामर स्कूल का मामला
(B) उषाबेन ब. भाग्य लक्ष्मी चित्र मन्दिर
(C) ब्राडफोर्ड कॉरपोरेशन ब. मायर्स
(D) भीमसिंह ब. भारत संघ

51. 'Ex turpi causa non oritur actio' means
(A) From immoral cause no action arises
(B) Action arises from every cause
(C) When there is cause there is action
(D) None of the above

51. 'एक्स टर्पी कौजा नॉन ओरिटर एक्शिओ' का अभिप्राय है
(A) अनैतिक कारण से कोई कार्रवाई नहीं उत्पन्न होती
(B) प्रत्येक कारण के लिए कार्रवाई हो सकती है
(C) जहां कारण है वहां कार्रवाई होती है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

52. Kasturi Lal Ralia Ram v. State of UP is related to
(A) Absolute Liability
(B) Strict Liability
(C) Vicarious Liability
(D) Trespass

52. कस्तूरी लाल रालिया राम ब. उत्तरप्रदेश राज्य सम्बन्धित है
(A) पूर्ण दायित्व के सिद्धान्त से
(B) कठोर दायित्व के सिद्धान्त से
(C) प्रतिनिधायी दायित्व से
(D) अतिचार से

53. The wrong battery is related to
(A) Trespass to a person
(B) Trespass to property
(C) Defamation
(D) None of the above

53. प्रहार का अपकृत्य सम्बन्धित है
(A) व्यक्ति के शरीर के प्रति अतिचार से
(B) सम्पत्ति के प्रति अतिचार से
(C) मानहानि से
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. Nuisance is unlawful interference with the
(A) Use of Land
(B) Enjoyment of Land
(C) Some right over land
(D) All of the above

55. Donoghue v. Stevenson is related to
(A) Nuisance
(B) Negligence
(C) Trespass
(D) Mischief

56. Which of the following is not an element of rule of strict liability
(A) Dangerous thing
(B) Escape of dangerous thing
(C) Non natural use of Land
(D) Act of third Party

57. A and B two friends went for Shooting and while A was aiming a shot the shot hit a tree and bounced back hitting B and injured B. Here A is not liable because of the defence of
(A) Accident
(B) Volenti non fit injuria
(C) Act of God
(D) Mistake

58. In Vicarious liability, Liability of Master arises
(A) Whenever Tort is committed by Servant
(B) When Tort is committed by Servant in Course of Servant's employment only
(C) When Tort is committed by Independent contractor
(D) None of the Above

54. उपताप अविधिपूर्ण हस्तक्षेप है
(A) भूमि के उपयोग के साथ
(B) भूमि के उपभोग के साथ
(C) भूमि पर किसी अधिकार के साथ
(D) उपरोक्त सभी

55. डोंगे ब. स्टीवेन्सन सम्बन्धित है
(A) उपताप से
(B) असावधानी से
(C) अतिचार से
(D) रिष्टि से

56. निम्नलिखित में से कौनसा कठोर दायित्व के नियम का तत्व नहीं है
(A) खतरनाक वस्तु
(B) खतरनाक वस्तु का बाहर निकलना
(C) भूमि का अप्राकृतिक उपयोग
(D) तृतीय व्यक्ति का कार्य

57. A एवं B दो मित्र शिकार करने गये । जब A निशाना साध रहा था तब गोली चल गयी तथा पेड से टकराकर लौट कर आई तथा B को लग गई व B घायल हो गया । यहां A का दायित्व नहीं है
(A) दुर्घटना के बचाव के कारण
(B) वॉलेन्टी नॉन फिट इन्जूरिया के बचाव के कारण
(C) दैवीय कृत्य के कारण
(D) भूल के बचाव के कारण

58. प्रतिनिधायी दायित्व में स्वामी का दायित्व उत्पन्न होता है
(A) जब कभी भी अपकृत्य सेवक द्वारा किया जाता है
(B) जब अपकृत्य सेवक द्वारा केवल सेवा के नियोजन के अनुक्रम में किया जाता है
(C) अपकृत्य स्वतन्त्र ठेकेदार द्वारा किया जाता है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

59. Under Hindu Law Agnates are persons related to each other by blood or adoption by-

(A) Wholly through Males
(B) Not Wholly through Males
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

59. हिन्दु विधि के अन्तर्गत गोत्रज वे व्यक्ति होते है जो दत्तक या रक्त द्वारा एक दूसरे से जुडे होते है

(A) पूर्ण रूप से पुरूषों के माध्यम से
(B) मात्र पूर्ण रूप से पुरूषों के माध्यम से नहीं
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. Which of the following ground of divorce is available only to wife under the Hindu Marriage Act 1955

(A) Cruelty
(B) Adultery
(C) Desertion
(D) Spouse guilty of Sodomy

60. हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 के अर्न्तगत निम्नलिखित विवाह विच्छेद के आधारों में से कौनसा केवल पत्नि को प्राप्त है -

(A) क्रूरता
(B) जारता
(C) अभित्याग
(D) विवाह के दूसरे पक्षकार का अप्राकृतिक मैथुन का दोषी होना

61. Which of the following is not a ground for voidable marriage under the Hindu Marriage Act, 1955

(A) Impotency of respondent
(B) Respondent was pregnant by some one else at the time of marriage
(C) Consent of petitioner was obtained by force
(D) Respondent has living spouse at the time of marriage

61. हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 के अर्न्तगत निम्नलिखित में से कौनसा शून्यकरणीय विवाह का आधार नहीं है

(A) प्रत्युत्तरदाता की नपुसंकता
(B) प्रत्युत्तरदाता विवाह के समय किसी अन्य व्यक्ति से गर्भवती थी
(C) याचिकाकर्ता की सहमति बलपूर्वक ली गई थी
(D) प्रत्युत्तरदाता का विवाह के समय अन्य विवाह का पक्षकार जीवित था

62. When can a divorcee marry again under the Hindu Marriage Act,1955

(A) When there is no right of appeal from decree of divorce
(B) When the appeal time has expired without presenting an appeal
(C) Just often the Decree of Divorce is granted by family court
(D) Both (A) and (B)

62. हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 के अर्न्तगत विवाह विच्छेद किया हुआ व्यक्ति कब पुनर्विवाह कर सकता है

(A) जबकि विवाह विच्छेद की आज्ञाप्ति के पश्चात् अपील का कोई अधिकार न हो
(B) जबकि अपील करने की अवधि बिना अपील किये समाप्त हो चुकी हो
(C) पारिवारिक न्यायालय द्वारा विवाह विच्छेद की डिक्री दिये जाने के तुरन्त पश्चात
(D) (A) एवं (B) दोनों

63. Who can apply for Maintenance Pendente lite under the Hindu Marriage Act, 1955

(A) Wife only
(B) Husband only
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

63. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत वादकालीन भरण पोषण हेतु कौन आवेदन कर सकता है

(A) केवल पत्नि
(B) केवल पति
(C) (A) एवं (B) दोनों सही है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. Under the Hindu Marriage Act, 1955 Desertion is a ground of divorce when the petitioner has been deserted for a continuous period of

(A) One year
(B) Two years
(C) Three years
(D) Six months

64. हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत अभित्याग विवाह विच्छेद का आधार है जबकि याचिकाकर्ता का अभित्याग लगातार

(A) एक वर्ष की अवधि तक किया गया हो
(B) दो वर्ष की अवधि तक किया गया हो
(C) तीन वर्ष की अवधि तक किया गया हो
(D) छः माह की अवधि तक किया गया हो

65. Under the Hindu Marriage Act, 1955 wife can repudiate the marriage, when her marriage was solemnized before she attained the age of

(A) 15 years
(B) 16 years
(C) 17 years
(D) 18 years

65. हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत पत्नि विवाह को निराकृत कर सकती है यदि उसका विवाह हुआ था

(A) 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व
(B) 16 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व
(C) 17 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व
(D) 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व

66. Under Hindu Law Children of void marriage can inherit the property of

(A) Only Mother
(B) Only of Parents
(C) of Grandparents only
(D) Can not inherit property

66. हिन्दु विधि के अन्तर्गत शून्य विवाह की सन्तानें दाय में सम्पत्ति प्राप्त कर सकती है -

(A) केवल माता की
(B) केवल माता-पिता की
(C) केवल दादा-दादी, नाना-नानी की
(D) सम्पत्ति दाय में प्राप्त नहीं कर सकते हैं

67. The punishment for contravention of condition of minimum age of marriage under the Hindu Marriage Act, 1955 is

(A) Rigorous imprisonment for 2 years or fine of 1 Lakh Rupees or both

(B) Simple imprisonment for 2 years or fine of 1 Lakh Rupees or both

(C) Simple imprisonment of one month

(D) Fine of one Lakh only

67. हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत विवाह हेतु न्यूनतम आयु की शर्त का उल्लंघन करने पर प्रावधान है

(A) दो वर्ष की अवधि का कठोर कारावास या एक लाख रूपये का जुर्माना या दोनो

(B) दो वर्ष का साधारण कारावास या एक लाख रूपये का जुर्माना या दोनो

(C) एक माह का साधारण कारावास

(D) केवल एक लाख रूपये का जुर्माना

68. Which one of the following is not a primary source of Muslim Law

(A) The Quran

(B) The Sunnat and Ahadis

(C) The Ijma

(D) Urf

68. निम्नलिखित में से कौनसा मुस्लिम विधि का प्राथमिक स्रोत नहीं है

(A) कुरान

(B) सुन्नत एवं अहदिस

(C) इजमा

(D) उर्फ

69. No muslim can make a bequest of more then

(A) One third of his net assets

(B) Two third of his net assets

(C) One fourth of his net assets

(D) None of the above

69. कोई मुस्लिम वसीयत नहीं कर सकता है अपनी सकल पूंजी के

(A) एक तिहाई से अधिक का

(B) दो तिहाई से अधिक का

(C) एक चौथाई से अधिक का

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

70. Zina in Mohammedan law means

(A) Sexual intercourse not permitted by law

(B) Sexual intercourse permitted by law

(C) Fornication or Adultery

(D) Both (A) and (C)

70. मुस्लिम विधि में 'जिना' से अभिप्राय है -

(A) लैंगिक सहवास जो विधि द्वारा अनुमत नहीं है

(B) लैंगिक सहवास जो विधित अनुमत है

(C) व्यामिचार या जारता

(D) (A) एवं (C) दोनों

71. A Muslim women marries a second husband. The offspring born out of such second marriage shall be
(A) Illegitimate and can not be given legitimacy
(B) Legitimate
(C) Illegitimate but can be given legitimacy by subsequent acknowledgement
(D) Either (B) or (C)

71. एक मुस्लिम स्त्री दूसरे पति से विवाह कर लेती है ऐसे दूसरे विवाह से उत्पन्न सन्तान होगी
(A) अवैध तथा उसे औरसता प्रदान नहीं की जा सकती
(B) वैध
(C) अवैध होगी परन्तु पश्चातवर्ती अभिस्वीकृति से उसे औरसता प्रदान की जा सकती है।
(D) या तो (B) या (C)

72. Under the companies Act Liability may be imposed if it is proved that the companies business has been carried on with a view to defraud the creditors under section
(A) 542
(B) 540
(C) 541
(D) 543

72. कम्पनी अधिनियम में दायित्व आरोपित किया जा सकता है यदि यह साबित कर दिया जाए कि व्यापार देनदाताओं के साथ कपट करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, धारा
(A) 542 के अन्तर्गत
(B) 540 के अन्तर्गत
(C) 541 के अन्तर्गत
(D) 543 के अन्तर्गत

73. Minimum paid up share capital in case of a public company is
(A) 5 Lakhs
(B) 3 Lakhs
(C) 7 Lakhs
(D) 1 Lakh

73. सार्वजनिक कम्पनी के लिये न्यूनतम चुकता अंश पूंजी होती है
(A) 5 लाख
(B) 3 लाख
(C) 7 लाख
(D) 1 लाख

74. For issuance of Share warrants prior approval is required of
(A) Company Law Board
(B) Registrar
(C) Department of Company affairs
(D) None of the above

74. अंश वारंट जारी करने हेतु पूर्व स्वीकृति आवश्यक है
(A) कंपनी लॉ बोर्ड की
(B) रजिस्ट्रार की
(C) कम्पनी मामलों के विभाग की
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. The first annual general meeting of a compnay must be held

(A) Within nine months from the date of closing of the first financial year

(B) Within Seven months from the date of closing of the first financial year

(C) Within Five months from the date of closing of the first financial year

(D) Within three months from the date of closing of the first financial year

75. कम्पनी का प्रथम वार्षिक अधिवेशन हो जाना जाहिए

(A) प्रथम वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन से नौ माह के भीतर

(B) प्रथम वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन से सात माह के भीतर

(C) प्रथम वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन से पांच माह के भीतर

(D) प्रथम वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन से तीन माह के भीतर

76. A is accused of murdering B on the 6th August 1951. A tries to prove that B was alive till 31st of August 1951. This fact is relevant under the Indian Evidence Act, 1872 under section

(A) 6

(B) 7

(C) 11

(D) 14

76. A 6 अगस्त 1951 को B की हत्या करने का अभियुक्त है। A यह साबित करने का प्रयास करता है कि B 31 अगस्त 1951 तक जीवित था । यह तथ्य सुसंगत है भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा

(A) 6 में

(B) 7 में

(C) 11 में

(D) 14 में

77. When any fact is deposed to as discovered in consequence of information received from a person accused of any offence in the custody of a Police officer -

(A) The information can not be proved

(B) The entire information can be proved

(C) So much of such information as relates distinctly to the fact thereby discovered may be proved

(D) None of the above

77. जब किसी तथ्य के बारे में यह अभिसाक्ष्य दिया जाता है कि उसका पता पुलिस अधिकारी की अभिरक्षा में रहते हुए अभियुक्त द्वारा दी गई जानकारी से चला है तब

(A) सूचना साबित नहीं की जा सकती

(B) सम्पूर्ण सूचना साबित की जा सकती है

(C) जानकारी का उतना भाग जो स्पष्टतया पता चले हुए तथ्य से सम्बन्धित है साबित किया जा सकता है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. The diciding factor of legitimacy of a child under section 112 of the Indian Evidence Act, 1872 is

(A) The date of conception of the child

(B) The date of birth of the child

(C) The date of birth or the date of conception depending on the facts and circumstances

(D) None of the above

78. धारा 112 भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत बालक की औरसता को तय करने वाला तत्व है

(A) बालक के गर्भधारण की तिथि

(B) बालक के जन्म की तिथि

(C) जन्म की तिथि या गर्भधारण की तिथि जो तथ्यों या परिस्थितियों पर निर्भर करती है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

79. For presumption under section 107 of the Indian Evidence Act the person is to be shown to be alive

(A) within 30 years

(B) Within 12 years

(C) Within 3 years

(D) Within 7 years

79. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत धारा 107 में उपधारणा किये जाने के लिए व्यक्ति का जीवित होना दिखाया जाना चाहिए

(A) 30 वर्ष के भीतर

(B) 12 वर्ष के भीतर

(C) 3 वर्ष के भीतर

(D) 7 वर्ष के भीतर

80. Presumption under section 113 A of the Evidence Act can be raised if the suicide by the married women is committed

(A) Within 7 years of marriage

(B) Within 5 years of marriage

(C) Within 3 years of marriage

(D) There is no time limit

80. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113 A के अन्तर्गत उपधारणा की जा सकती है यदि विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या की गई है विवाह के

(A) सात वर्ष के भीतर

(B) पांच वर्ष के भीतर

(C) तीन वर्ष के भीतर

(D) समय की कोई सीमा नहीं है

81. When a communication is made to a married person by a person to whom he is married

(A) He may be compelled to disclose such communication

(B) He will not be permitted to disclose any such communication even if the person to whom he is married gives his consent.

(C) He shall be permitted to disclose if the person to whom he is married gives his consent.

(D) None of the above

81. जब किसी विवाहित व्यक्ति को उस व्यक्ति द्वारा जिससे वह विवाहित है कोई संसूचना की जाती है तो

(A) उसे प्रकट करने के लिए बाध्य किया जा सकता है

(B) उसे प्रकट करने के लिए अनुमत नहीं किया जा सकता है चाहे जिस व्यक्ति से उसका विवाह हुआ हो वह सहमति दे दे ।

(C) उसे प्रकटन की अनुमति दी जा सकती है यदि वह व्यक्ति जिससे वह विवाहित है इसके लिये अपनी सहमति दे देता है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

82. In India Literary work is protected until

(A) Life time of author

(B) 60 years after the death of author

(C) 25 years after the death of author

(D) 40 years after the death of author

82. भारत में साहित्य कार्य संरक्षित होता है

(A) रचयिता के जीवन काल तक

(B) रचयिता की मृत्यु के 60 वर्ष बाद तक

(C) रचयिता की मृत्यु के 25 वर्ष बाद तक

(D) रचयिता की मृत्यु के 40 वर्ष बाद तक

83. Patentability criteria includes

(A) Novelty

(B) Invention Step

(C) Capable of Industrial application

(D) All of the above

83. एकस्व अधिकारिता के मापदण्ड में सम्मिलित है

(A) नूतनता

(B) अविष्कारिक उपाय

(C) औद्योगिक प्रयुक्तता योग्य होना

(D) उपरोक्त सभी

84. The provisions of Environment protection in the contribution were made under

(A) Article 48 A, Article 51 A (g)

(B) Article 5

(C) Article 27

(D) Article 21

84. भारत के संविधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रावधान किये गये हैं

(A) अनुच्छेद 48 A , अनुच्छेद 51 A (g) में

(B) अनुच्छेद 5 में

(C) अनुच्छेद 27 में

(D) अनुच्छेद 21 में

85. "Living person" under section 5 of the transfer of property Act includes

(A) Company or Association only

(B) Body of individuals and individuals only

(C) Company or Association or body of individuals

(D) None of the above

85. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 5 में जीवित व्यक्ति शब्द में सम्मिलित है

(A) कम्पनी एवं संघ मात्र

(B) व्यक्तियों का निकाय तथा व्यक्ति मात्र

(C) कम्पनी या संघ या व्यक्तियों का निकाय

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

86. Under the provision of Section 35 of the Transfer of Property Act, 1882, where a person professes to transfer property which he has no right to transfer and as part of the same transaction, confers any benefit on the owner of the property then

(A) Such owner can elect to confirm such transfer only

(B) Such owner must elect either to confirm such transfer or to dissent from it.

(C) Such owner shall dissent from transfer only

(D) None of the above

86. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 35 में जहां एक व्यक्ति किसी ऐसी सम्पत्ति को अन्तरित करने की प्रव्यंजना करता है जिसे अन्तरित करने का उसे कोई अधिकार नहीं है तथा उसी संव्यवहार के भाग रूप सम्पत्ति के स्वामी को कोई लाभ प्रदान करता है तो

(A) ऐसा स्वामी ऐसे अन्तरण को केवल पुष्ट करने का ही चयन कर सकता है

(B) ऐसे स्वामी को या तो ऐसे अन्तरण को पुष्ट करना चाहिए या उससे इन्कार कर सकता है

(C) ऐसा स्वामी ऐसे अन्तरण से केवल इन्कार ही करेगा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

87. Which Article of the Universal Declaration of Human Rights, 1948 relates to Human Duties

(A) Article 24

(B) Article 25

(C) Article 28

(D) Article 29

87. मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 का कौनसा अनुच्छेद मानव कर्त्तव्यों से सम्बन्धित है

(A) अनुच्छेद 24

(B) अनुच्छेद 25

(C) अनुच्छेद 28

(D) अनुच्छेद 29

88. National Human Rights commission was established in India in the year

(A) 1940

(B) 1991

(C) 1992

(D) 1993

88. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग भारत में स्थापित किया गया था वर्ष

(A) 1990 में

(B) 1991 में

(C) 1992 में

(D) 1993 में

89. International Covenant on civil and Political rights came into effect in the year

(A) 1976

(B) 1973

(C) 1974

(D) 1975

89. नागरिक एवं राजनैतिक अधिकारों की अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा प्रभाव में आई थी

(A) वर्ष 1976 में

(B) वर्ष 1973 में

(C) वर्ष 1974 में

(D) वर्ष 1975 में

90. The principle "First Come Last Go and Last Come First Go' is related to

(A) Lay off

(B) Closer (Lock out)

(C) Retrenchment

(D) Dismissal

90. पहले आओ अन्त में जाओ का सिद्धान्त सम्बन्धित है

(A) कामबन्दी से

(B) तालाबन्दी से

(C) छंटनी से

(D) पदच्युति से

91. "International Law or Law of Nations is the name for the body of customary and conventional rules which are considered legally binding by the civilized states in their relations with each other." This definition was given by -

(A) L. Oppenheim

(B) J. G. Starke

(C) Holland

(D) Salmand

91. ''अन्तर्राष्ट्रीय विधि या राष्ट्रो की विधि प्रथागत एवं संधि नियमों के समूह का नाम हे जिन्हें सभ्य राज्य आपसी सम्बन्धों में विधिक रूप से बाध्यकारी मानते हैं'' यह परिभाषा दी गई है

(A) एल. ओपनहेम द्वारा

(B) जे. जी. स्टार्क द्वारा

(C) हॉलैण्ड द्वारा

(D) सामण्ड द्वारा

92. Territorial waters of a coastal state extends upto

(A) 24 Nautical miles from the baselines from which breadth of the territorial sea is measured

(B) 12 Nautical miles from the baselines from which breadth of the territorial sea is measured

(C) 200 Nautical miles from the baselines from which breadth of the territorial sea is measured

(D) 350 Nautical miles from the baselines from which breadth of the territorial sea is measured

92. किसी तटीय राज्य का प्रादेशिक समुद्र विस्तारित होता है

(A) उस आधार रेखा जहां से प्रादेशिक समुद्र की चौडाई नापी जाती है 24 सामुद्रिक मील तक

(B) उस आधार रेखा जहां से प्रादेशिक समुद्र की चौडाई नापी जाती है 12 सामुद्रिक मील तक

(C) उस आधार रेखा जहां से प्रादेशिक समुद्र की चौडाई नापी जाती है 200 सामुद्रिक मील तक

(D) उस आधार रेखा जहां से प्रादेशिक समुद्र की चौडाई नापी जाती है 350 सामुद्रिक मील तक

93. Vienna Convention on Consular Relations was adopted in the year

(A) 1899

(B) 1961

(C) 1989

(D) 1963

93. वाणिज्यिक सम्बन्धों पर वियना अभिसमय अपनाया गया था वर्ष

(A) 1899 में

(B) 1961 में

(C) 1989 में

(D) 1963 में

94. "Pacta sunt servanda" principle means

(A) Emergence of an inviolable norm of International Law.

(B) Fundamental change in the Circumstances

(C) Treaties must be respect

(D) None of the above

94. 'पैक्टा सन्ट सर्वेन्दा' सिद्धान्त का अभिप्राय है

(A) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के किसी अलंघनीय नियम का उदय होना

(B) परिस्थितियों में मूलभूत परिवर्तन

(C) संधियों का सम्मान किया जाना चाहिए

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

95. Nottebohm case is related to

(A) Asylum

(B) Extradition

(C) Nationality

(D) Intervention

95. नोटेबोम प्रकरण सम्बन्धित है

(A) आश्रय से

(B) प्रत्यर्पण से

(C) राष्ट्रीयता से

(D) हस्तक्षेप से

96. Uniting for Peace Resolution, 1950 was adopted by

(A) Security Council

(B) General Assembly

(C) Trusteeship Council

(D) Social and Economic Council

96. 'शान्ति के लिये एकता प्रस्ताव', 1950 अपनाया गया था

(A) सुरक्षा परिषद द्वारा

(B) सामान्य सभा द्वारा

(C) न्यासधारिता परिषद द्वारा

(D) सामाजिक एवं आर्थिक परिषद द्वारा

97. Re Castioni case is related to

(A) Asylum

(B) Nationality

(C) Extradition

(D) Intervention

97. री कैस्टिओनी प्रकरण सम्बन्धित है

(A) आश्रय से

(B) राष्ट्रीयता से

(C) प्रत्यर्पण से

(D) हस्तक्षेप से

98. Prescription is a mode of

(A) Acquisition of Nationality

(B) Acquisition of Territory

(C) Loss of Nationality

(D) None of the above

98. चिरभोग है तरीका

(A) राष्ट्रीयता प्राप्त करने का

(B) राज्य क्षेत्र प्राप्त करने का

(C) राष्ट्रीयता खोने का

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. In the order of application of sources of International law by International court of justice the first source is

(A) International Custom

(B) International Convention

(C) Judicial decision and the teaching of the most highly qualified publicist of the various nations

(D) General principles of law recognized by Civilized states

100. Which one of the following is not an amicable means of settlement of International Disputes

(A) Mediation

(B) Good Office

(C) Conciliation

(D) Reprisals

99. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोतों को लागू किये जाने के क्रम में प्रथम स्रोत है

(A) अन्तर्राष्ट्रीय प्रथा

(B) अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमय

(C) न्यायिक निर्णय एवं विभिन्न राज्यों के महान विधिवेत्ताओं की शिक्षाएं

(D) सभ्य राज्यों द्वारा मान्यता प्राप्त विधि के सामान्य सिद्धान्त

100. निम्नलिखित में से कौनसा अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के निस्तारण का शांतिपूर्ण तरीका नहीं है

(A) मध्यस्थता

(B) सत्प्रयत्न

(C) सुलह

(D) प्रतिशोध

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK